न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, धोद जिला – सीकर

रडमल सिंह बनाम तहसीलदार धोद

किस्म मुकदमा प्रार्थना पत्र धा. 136 एल आर एक्ट मु.नं. 420 वर्ष 2025

दिनांक	आज्ञा – पत्र	
29/7/25	प्रार्थी रडमल सिंह पुत्र बीडदाराम जाति बलाई निवासी ग्राम नीमनाड्या तहसील धोद जिला सीकर द्वारा प्रस्तुत आवेदन बाबत राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नाम को दुरूस्त करने के अनुसार ग्राम नीमनाड़्या पटवार हल्का नागवा तहसील धोद जिला सीकर के खाता सं. (नया) 65 के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थी के नाम की प्रविष्ठि रिड़मा पुत्र बिड़दा दर्ज है, जो कि अशुद्ध है। जबकि प्रार्थी के नाम की सही प्रविष्ठि रडमल सिंह पुत्र बीडदाराम है। प्रार्थी के नाम से बने दस्तावेजात आदि की प्रस्तुत प्रतियों में प्रार्थी के नाम की प्रविष्ठि रडमल सिंह पुत्र बीडदाराम है, जो कि सही है। अतः उक्त वर्णित वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदियों में प्रार्थी के नाम की प्रविष्ठि रिड़मा पुत्र बिड़दा के स्थान पर रडमल सिंह पुत्र बीडदाराम दुरूस्त किया जावें। प्रकरण में प्रार्थी के अनुतोष के संबंध में तहसीलदार, धोद के पत्रांकः भू.अ./2025/1252 दिनांक 09.07.2025 के द्वारा दुरूस्ती संबंधी रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजात प्राप्त हुई। उक्त रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजात आदि का अवलोकन किया। उक्त रिपोर्ट मुताबिक प्रार्थी के अनुतोष के अनुसार सही है। प्रार्थना–पत्र अ.धा. 136 एल आर एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर किया जावें। अतः प्रार्थी का आवेदन तहसीलदार, धोद की उक्त रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर वाके ग्राम नीमनाड़्या पटवार हल्का नागवा तहसील धोद जिला सीकर के खाता सं. (नया) 65 के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थी के नाम की प्रविष्ठि रिड़मा पुत्र बिड़दा के स्थान पर रडमल सिंह पुत्र बीडदाराम दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। पूर्व की प्रविष्टि से किसी तरह की सरकारी, गैर सरकारी बकाया एवं उत्तरदायित्व हो तो उसके निर्वहन एवं अदायगी के लिए संबंधित खातेदार/प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। तहसीलदार धोद के पत्रांकः भू.अ./2025/1252 दिनांक 09.07.2025 के द्वारा प्राप्त दुरूस्ती संबंधी रिपोर्ट आदेश का अभिन्न अंग रहेगी। पालनार्थ तहसीलदार, धोद को लिखा जावें। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हों। उपखण्ड अधिकारी धोद जिला सीकर	

Signature Not Verified
Digitally signed by Rahul Kumar Malhotra
Date: 2025.10.08 16:11:16 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner